





# भगवान राम जन्मोत्सव का छाया उल्लास, भक्तिमय रहा माहौल

- पूजन-अर्चन के साथ हुए भंडारे हजारों भक्तों ने ग्रहण की प्रसादी





**बड़वानी, ( नवभारत )।** श्रीराम नवमी महापर्व पर अंजड़ नाका स्थित श्री सांई शनेश्वर पशुपतिनाथ मंदिर में शुक्रवार को विशाल भंडारा श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7.30 बजे अभिषेक पुजन एवं श्रीराम महायज्ञ से हुई। इसके बाद 10.30 बजे पूर्णाहुति और महाआरती सम्पन्न की गई। महाआरती के बाद विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसमें शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

भंडारे में भोजन की सुव्यवस्थित व्यवस्था समिति द्वारा की गई। श्रद्धालुओं को बफेट सिस्टम के हिसाब से भोजन वितरण किया गया। वहीं सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण और अनुशासन के साथ भोजन परोसने का कार्य किया। भंडारे में सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। जो सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक बना।

### झांकिया रही आकर्षण का केंद्र



**पानसेमल।** नगर में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर मुख्य मार्गों से झांकियों का कारवां निकला। सकल हिंदू समाज एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम दुर्गा मंदिर परिसर से देर शाम शुरू हुआ। भगवान श्रीराम बाहुबली हनुमान की सजिव झांकियों के साथ ही माता शबरी ऑपरेशन सिंदूर एवं केदारनाथ की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। कारवां श्रीराम मंदिर पर पहुंचा। जहां रामलला की आरती के बाद समापन किया गया।

मार्ग में योगेश महाजन, कारगिल चौक मित्र मंडल, आशीष अग्रवाल मित्र मंडल, राकेश चौधरी, जेगवार जिम क्लब, गो रक्षा दल सहित अन्य समाज सेवियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर ठंडे पानी, शरबत व खिचड़ी के स्टॉल लगाए गए थे। इस दौरान विधायक श्याम बर्डे, निर्मला श्याम बर्डे, नप अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, उपाध्यक्ष साहेबराव चौधरी, सलोनी राणा, लोकेश शुक्ला, जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वसावे, नगर पटेल संजीव सावले, राम सोनाने, हितेंद्र हरसोला व पार्षद, वरिष्ठजनों की सहभागिता रही। व्यवस्थाओं को लेकर एसडीओपी आयुष अलावा, तहसीलदार सुनील सिसोदिया, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन, खेतिया थाना प्रभारी सुरेंद्र कनेश, नप अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### मंदिर और घरों में किया कन्या भोज

पानसेमल के दुर्गा मंदिर में हवन पूजन के साथ कन्या भोज हुआ। नगर के प्रमुख मंदिरों में से एक दुर्गा मंदिर करीब 48 वर्षों से स्थापित है। दुर्गा माता मंदिर उत्सव समिति एवं नगरवासियों द्वारा मुख्य रूप से व्यवस्थाएं की जाती हैं। पुजारी पंडित अजय शर्मा ने अनुष्ठान संपन्न कराया। यज्ञ में मुख्य यजमान अमृत महाले परिवार के साथ सम्मिलित रहे। श्रद्धालुओं द्वारा खीर पूरी, कद्दू, चना दाल की सब्जी एवं मिर्ची की प्रसादी ग्रहण की गई। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य, समाज के वरिष्ठ एवं माताएं और बहनें उपस्थित रहे।

---

**एक नजर में**

## बाइक चोरी का पुलिस ने किया खुलासा



**बड़वानी।** निवाली पुलिस ने बाईक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बाईक जब्त की। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर व एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निवाली रामकृष्ण लौवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सक्रिय मुखबिर तंत्र के आधार पर कार्रवाई की गई। 27 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पुरुषखेड़ा से चोरी हुई पल्सर बाईक के आरोपी पानसेमल की ओर से आ रहे हैं। जिस पर तत्काल वाहन चैकिंग लगाई एवं संदेहियों को रोककर पुछताछ की। जिसमें आरोपियों ने 18 मार्च की रात्रि करीब 11.30 बजे पुरुषखेड़ा में घर के सामने खड़ी पल्सर एनएस बाईक चोरी करना स्वीकार किया। बादल पिता भंगा सोलंकी उम्र 19 वर्ष निवासी स्कूल फलिया वासवी एवं अनिल पिता छेदा सोलंकी उम्र 19 वर्ष निवासी पटेल फलिया मेरखेड़ी थाना सेंधवा ग्रामीण दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

## राम कथा में हुआ शिव-पार्वती विवाह



**निवाली, ( नवभारत )।** नगर में पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के द्वारा चल रही राम कथा में गुरुवार रात्रि में संगीतमय रामकथा में भगवान शिव पार्वती का विवाह किया गया।

कथा वाचक संतोष शर्मा द्वारा बहुत ही सुंदर संगीत मय कथा का वाचन किया जा रहा है। जिसे सुनने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों भक्त राम कथा के लिए दूर-दूर से आ रहे हैं एवं संगीत मय रामकथा का आनंद ले रहे हैं। रात्रि में कथा के बाद महा आरती भी की जाती है, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होते हैं। कथा गुमड़िया रोड पर आयोजित हो रही है। गुरुवार की रात्रि में भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह के बारे में कथा वाचक संतोष शर्मा ने विस्तार पूर्वक बताया एवं भगवान शकर एव माता पार्वती का विवाह भी कराया गया। जो बहुत ही आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं कथा के साथ-साथ सुबह 8 से 10 बजे तक यजमानों द्वारा हवन भी किया जा रहा है।

## श्रीराम नवमी पर मंदिरों में किया भव्य श्रृंगार पंचामृत भोग लगाया



**पानसेमल।** नगर के श्रीराम मंदिर सहित आसपास स्थित मंदिरों में श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर पंडित सुभाषचंद्र बालकृष्ण शुक्ल ने बताया कि भगवान श्रीराम लक्ष्मण और माता जानकी को पीताम्बर वस्त्र पहनाया गया। साथ ही इस अवसर पर युवाओं द्वारा फूलों से आकर्षक सजाया गया था।

श्रद्धालुओं द्वारा दोपहर 12 बजे पट खोलकर, भए प्रकट कृपाला, आरती गाकर भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रसादी में बूंदी, पंचामृत और ऋतु फलों एवं मिठाइयों का भोग लगाकर वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीराम मंदिर से जुड़े साधक एवं श्रद्धालु, मौजूद रहे।

## जलगोन में पांच लाख से होगा सीसी रोड निर्माण

- जनपद पंचायत अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**पानसेमल, ( नवभारत )।** जनपद पंचायत के ग्राम जलगोन में 5 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के वरिष्ठजन की मौजूदगी में किया।



जनपद पंचायत अध्यक्ष शिला विनोद वसावे ने बताया कि जनपद क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामों में विकास कार्यों को प्रमुखता से कराया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग अनुसार राशि स्वीकृत कराकर धरातल पर कराया जा रहा है। आगे भी निरन्तर विकास कार्यों को प्रमुखता से कराया जाएगा।

---


# कार बनी कत्ल का हथियार : पेंट हाउस विवाद में महिला की मौत, पिता-पुत्र गिरफ्तार

- एयर बीएनबी पेंट हाउस को किराए पर देने को लेकर हुआ था विवाद
- गुस्से में भीड़ पर चढ़ाई कार, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर की पॉश कॉलोनी में बुधवार रात पेंट हाउस को किराए पर देने के विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया था, जब गुस्से में एक युवक ने तेज रफ्तार कार भीड़ पर चढ़ा दी. इस हिट एंड रन जैसी घटना में इंफोसिस में कार्यरत 42 वर्षीय शम्पा पांडे गंभीर रूप से घायल हुईं थी, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला घायल हुई है. मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक मोहनीश चौधरी और उसके पिता कुलदीप चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है.

घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित एमआर-11 की शिव वाटिका टाउनशिप में रात करीब 10.30 बजे हुई. यहां स्थित पेंट हाउस को एयर बीएनबी के माध्यम से किराए पर देने को लेकर लंबे समय से रहवासियों में नाराजगी थी. बताया गया कि यहां बाहरी लोगों की लगातार आवाजाही और देर रात तक गतिविधियों को लेकर कई बार विवाद हो चुका था. बुधवार रात भी इसी मुद्दे पर कहा-सुनी हुई, जो मारपीट में बदल गई थी. मामले में एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि कुलदीप चौधरी अपनी पत्नी के साथ पेंट हाउस पहुंचे थे, जहां रहवासियों द्वारा लाइट बंद किए जाने को लेकर विवाद हुआ था, इसी दौरान उनका पुत्र मोहनीश मौके पर आया और झगड़ा बढ़ गया. हालात बिगड़ने पर मोहनीश कार लेकर वहां से निकलने लगा, लेकिन गेट बंद होने पर उसने गाड़ी घुमाकर वहां मौजूद लोगों पर चढ़ा दी. इस दौरान शम्पा पांडे कार के नीचे आ गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं. उन्हें तत्काल बॉम्बे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. घटना में 40 वर्षीय रानू रावत भी घायल हुई हैं, जिनका उपचार जारी है.










### पहले भी कई बार हो चुका है विवाद

पूरी वारदात टाउनशिप में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसका डीवीआर पुलिस ने जब्त कर लिया है . प्रत्यक्षदर्शियों और रहवासियों ने पुलिस को बताया कि पेंट हाउस को लेकर पहले भी कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन विवाद लगातार बढ़ता रहा था . पुलिस ने आरोपी कुलदीप चौधरी ( लीड इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, मेरागी प्रोजेक्ट्स कंसल्टेंट्स ) और उसके पुत्र मोहनीश को गिरफ्तार कर घटना में प्रयोग कार एमपी 09 सीई 7647 को जप्त कर लिया है . दोनों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है . पुलिस अब पेंट हाउस संचालन की वैधता, वहां आने जाने वालों की जानकारी और पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच में जुटी है .

---

# गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई और हैरी बॉक्सर कनेक्शन की जांच अब एसआईटी करेगी

- आरोपी ने इंदौर के कारोबारी से की थी 15 करोड़ की मांग

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के एक कारोबारी को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे हैरी बॉक्सर के नाम पर 15 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने सहित प्रदेश में इस गैंग द्वारा फिरौती वसूलने के अन्य मामलों की जांच अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) करेगी. पुलिस मुख्यालय ने इंदौर सहित अन्य शहरों के प्रकरणों को केंद्र में रखते हुए प्रदेश स्तर पर एसआईटी गठित कर दी है, जो पूरे नेटवर्क की पड़ताल करेगी.

जानकारी के अनुसार, इंदौर में तुकोगंज थाना, क्राइम ब्रांच और किशनगंज क्षेत्र में दर्ज मामलों में कारोबारियों को विदेशी नंबरों



और व्हाट्सऐप कॉल के जरिए धमकियां दी गई थीं. आरोपियों ने खुद को बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताते हुए जान से मारने और बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करने की धमकी देकर 10 से 15 करोड़ रुपए तक की मांग की थी. पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित एसआईटी एएसटीएफ के पर्यवेक्षण में काम करेगी, जिसकी कमान डीआईजी/एसपी (रेल) भोपाल राहुल कुमार लोढ़ा को सौंपी गई है. सभी संबंधित प्रकरणों की केस डायरी एसटीएफ को भेजकर जांच भोपाल स्थित मुख्यालय से शुरू कर दी गई है. इंदौर के अलावा अशोकनगर, खरगोन और भोपाल में दर्ज इसी तरह के मामलों को भी जांच में शामिल किया है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कुछ मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन पूरे गिरोह और इसके नेटवर्क का खुलासा करने के लिए एसआईटी स्तर पर जांच जरूरी थी. अब इस कार्रवाई से पूरे मामले में बड़े खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है.

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को छोटी ग्वालटोली पुलिस ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है. मामले में आरोपी के पिता को भी सह-आरोपी बनाया गया है.





थाना प्रभारी संजू कामले ने बताया कि पीड़िता ने सोमवार 23 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए हरियाणा निवासी साहिल लाठर से हुई थी. बातचीत बढ़ने के बाद आरोपी ने उसे मिलने के लिए इंदौर बुलाया, जहां दोनों सरवटे बस स्टैंड के पास एक होटल में रुके. इस दौरान आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया. पीड़िता का आरोप है कि साहिल लगातार शादी का वादा कर शारीरिक संबंध बनाता रहा, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया. वहीं आरोपी के पिता जसवीर सिंह लाठर ने भी पीड़िता को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया और शादी से साफ मना कर दिया. शिकायत के आधार पर थाना छोटी ग्वालटोली में आरोपी के खिलाफ बीएनएस तथा एससी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई. पुलिस ने हरियाणा के जिला जींद में दबिश देकर आरोपी साहिल लाठर (20) और उसके पिता जसवीर सिंह (44) को गिरफ्तार कर इंदौर लाया. पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया है.

# मामूली विवाद में करीबी दोस्त ने ले ली जान

- हाथीपाला क्षेत्र में युवक की चाकू मारकर हत्या

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. रावजी बाजार थाना क्षेत्र के हाथीपाला इलाके में मामूली विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जब एक युवक ने अपने ही करीबी दोस्त की चाकू मारकर हत्या कर दी. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जबकि घायल युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.**




मृतक की पहचान फिरोज उर्फ कालू निवासी पठान मोहल्ला के रूप में हुई है. गुरुवार को वह अपने दोस्त अरबाज, निवासी चंपाबाग, के साथ हाथीपाला क्षेत्र में था. इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई. गुस्से में आकर अरबाज ने पास में रखे धारदार चाकू से फिरोज पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा. घटना के बाद आसपास के लोगों और परिजनों ने घायल फिरोज को तुरंत अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन गहरे घावों से खून ज्यादा बहने के चलते उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया.

सूचना मिलते ही रावजी बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. मामले में एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल का कहना है कि आरोपी अरबाज के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है. प्रारंभिक जांच में विवाद का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा.